स्वच्छ एवं स्वस्थ भारत के निर्माण में दें योगदान : शुक्ल



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत के संकल्प को जन-जन का आंदोलन बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। स्वच्छ अस्पताल, स्वच्छ परिसर और स्वच्छ वातावरण स्वस्थ समाज की आधारशिला हैं। महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और स्वच्छता के संदेश को आत्मसात करते हुए स्वच्छता को अपनी आदत बनाना चाहिए।

उप मुख्यमंत्री ने गांधी जयंती के अवसर पर जयप्रकाश जिला चिकित्सालय में आयोजित स्वच्छता अभियान में सहभागिता करते हुए अस्पताल परिसर में साफ-सफाई एवं श्रमदान किया। उन्होंने चिकित्सालय के मातृ एवं शिशु रोग विभाग के सामने ऑक्सीजन संयंत्र के पास स्वच्छता अभियान में श्रमदान किया। उन्होंने चिकित्सालय के समस्त कर्मचारियों को स्वच्छता बनाए रखने, साफ-सफाई एवं श्रमदान में निरंतर योगदान देने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में पार्षद ब्रजुला सचान, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष शर्मा, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. संजय जैन उपस्थित रहे।

सारंग ने खरीदी खादी, मंदिर-गुरुद्वारे में किया श्रमदान



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने शुक्रवार को जवाहर चौक स्थित खादी ग्रामोद्योग भवन पहुंचकर खादी वस्त्रों और स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी की।

इसके बाद उन्होंने नरेला विधानसभा क्षेत्र के पंजाबी बाग गुरुद्वारे में आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम में पंजाबी समाज के लोगों के साथ श्रमदान किया। उन्होंने छोला स्थित श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर परिसर में भी सफाई अभियान में हिस्सा लिया।

मंत्री ने कहा कि गांधीजी ने स्वच्छता को केवल व्यक्तिगत आदत नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्रसेवा का माध्यम माना था। स्वच्छ भारत का संकल्प तभी पूरा होगा, जब स्वच्छता आदत, जिम्मेदारी और संस्कार का हिस्सा बने। सारंग ने कहा कि खादी केवल वस्त्र नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता, स्वावलंबन और कारीगरों एवं बुनकरों के सम्मान का प्रतीक है। खादी और स्वदेशी उत्पाद खरीदने से स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है और कारीगरों, बुनकरों तथा छोटे उद्यमियों को सहयोग मिलता है। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों को अपनाकर 'वोकल फॉर लोकल' की भावना को मजबूत किया जा सकता है।

लोअर लेक में 200 लोगों ने की प्लॉगिंग

गांधी जयंती पर शुक्रवार को राजधानी में स्वच्छता, फिटनेस और स्वदेशी को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। लोअर लेक में 200 से अधिक लोगों ने प्लॉगिंग कर कचरा एकत्र किया। इसके अलावा रेलवे स्टेशनों, अस्पतालों, कॉलोनियों और अन्य स्थानों पर श्रमदान तथा सफाई अभियान चलाए गए। भारतीय खेल प्राधिकरण के मध्य क्षेत्रीय केंद्र ने लोअर लेक पर प्लॉगिंग अभियान आयोजित किया। क्षेत्रीय निदेशक गौरव रावत ने रैली को रवाना किया। इसमें खिलाड़ी, प्रशिक्षक, पुलिस, एसएसबी, नगर निगम और शहर के नागरिक शामिल हुए। फिट इंडिया इन्फ्लुएंसर अनिता सोलंकी ने प्रतिभागियों को वार्मअप कराया। इसके बाद लोगों ने झील के आसपास और मार्गों से कचरा एकत्र किया। पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल में स्वच्छता पखवाड़े के समापन पर रेलवे अस्पताल, स्टेशनों, कॉलोनियों और डीजल लोको शेड में कार्यक्रम हुए। मंडल रेल चिकित्सालय में प्रभात फेरी निकालकर कर्मचारियों ने स्वच्छता की शपथ ली। हबीबगंज रेलवे कॉलोनी और इटारसी स्टेशन पर भी स्वच्छता संदेश दिया गया। भोपाल स्टेशन और कोच पुनर्निर्माण कारखाने में सफाईमित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। बीना में सुरक्षा उपकरण और मास्क वितरित किए गए। लालघाटी स्थित गुफा मंदिर परिसर में भी श्रमदान किया गया।

कायस्थम ने गांधी और शास्त्री की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः कायस्थम मध्य प्रदेश ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर उनकी प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कायस्थम के पदाधिकारियों और सदस्यों ने पुरानी विधानसभा स्थित मिंटो हॉल परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका पुण्य स्मरण किया। इस अवसर पर भजन भी प्रस्तुत किए गए।

इसके बाद सदस्यों ने पूर्व प्रधानमंत्री शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। संस्था ने उन्हें सच्चा देशभक्त, विनम्र, सरल और सादगी की प्रतिमूर्ति बताया। कायस्थम के अध्यक्ष प्रलय श्रीवास्तव ने कहा कि महात्मा गांधी और लालबहादुर शास्त्री के विचार आज भी समाज और देश के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।



कार्यक्रम में मुकुल अस्थाना, आलोक श्रीवास्तव, संजय खरे, राजेश खरे, अजय कुमार श्रीवास्तव, विष्णु कांत सहाय, उमंग खरे, रत्ना खरे, रचना सक्सेना डेविड और अर्चना भटनागर उपस्थित रहे।

मध्य प्रदेश पर्यटन की 'द सितारिस्ट' फिल्म को गोल्ड अवॉर्ड

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्य प्रदेश पर्यटन की प्रमोशनल फिल्म 'द सितारिस्ट' को ई4एम प्राइमटाइम अवॉर्ड्स में गोल्ड अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। फिल्म को उत्कृष्ट रचनात्मकता और प्रभावी संचार के लिए यह सम्मान मिला है। इसमें मध्य प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, आध्यात्मिक परंपराओं, प्राकृतिक सौंदर्य और विविध पर्यटन अनुभवों को आधुनिक और भावनात्मक अंदाज में प्रस्तुत किया गया है। पर्यटन विभाग के सचिव और पर्यटन बोर्ड के प्रबंध संचालक डॉ. इलैयाराजा टी. ने कहा कि मध्य प्रदेश की पहचान प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक धरोहरों के साथ कला, संस्कृति, संगीत और परंपराओं से भी जुड़ी है। 'द सितारिस्ट' में इसी सांस्कृतिक विविधता और पर्यटन वैभव को रचनात्मक दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया गया है। फिल्म में प्रसिद्ध सितार वादक एवं संगीतकार पंडित रविशंकर की पुत्री और शिष्या अनुष्का शंकर मुख्य भूमिका में हैं। अनुष्का शंकर को कई प्रतिष्ठित सम्मान मिल चुके हैं और वे 14 बार ग्रैमी पुरस्कार के लिए नामांकित हो चुकी हैं। फिल्म का निर्माण स्पेन कम्युनिकेशन के सहयोग से किया गया है।

पुलिस अकादमी में 92वें सूबेदार-उप निरीक्षक बैच का प्रशिक्षण शुरू



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्य प्रदेश पुलिस अकादमी, भोपाल में 92वें सूबेदार-उप निरीक्षक बैच के बुनियादी प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण का शुभारंभ अकादमी के निदेशक एवं विशेष पुलिस महानिदेशक रवि कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया।

वर्ष 2025 बैच के चयनित कुल 286 प्रशिक्षु सूबेदार और उप निरीक्षक प्रशिक्षण में शामिल हैं। इनमें 182 पुरुष और 104 महिलाएं हैं। तीन माह के आधारभूत प्रशिक्षण में पारंपरिक पुलिसिंग के साथ आधुनिक तकनीक, साइबर अपराध अनुसंधान, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, नेतृत्व क्षमता, सामुदायिक पुलिसिंग और प्रशासनिक दक्षता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। आंतरिक प्रशिक्षण में पुलिस संगठन एवं प्रशासनिक व्यवस्था, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम सहित अन्य कानूनों का प्रारंभिक एवं व्यावहारिक ज्ञान दिया जाएगा।

प्रशिक्षुओं को पुलिस कार्यप्रणाली, पुलिस विनियम, व्यक्तित्व विकास, मानव व्यवहार, पुलिस में नैतिकता, प्रबंधन कौशल और कंप्यूटर के प्रभावी उपयोग का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। साथ ही कानून एवं न्यायिक व्यवस्था, अधिकारियों के अधिकार एवं सीमाओं, विभिन्न राज्य और केंद्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय तथा अपराध अनुसंधान की व्यावहारिक जानकारी दी जाएगी। अपराध के बदलते स्वरूप को देखते हुए साइबर अपराध अनुसंधान और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित उपकरणों के उपयोग का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। बाह्य प्रशिक्षण में शारीरिक प्रशिक्षण, एथलेटिक्स, टीम गेम्स, बेसिक ड्रिल, हथियार प्रशिक्षण, हथियार संचालन और फायरिंग शामिल हैं। इस अवसर पर उप निदेशक रामजी श्रीवास्तव, सहायक निदेशक प्रशिक्षण रश्मि पाण्डेय, सहायक निदेशक एवं प्रभारी पुलिस अधीक्षक यास्मीन जहरा सहित अकादमी के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

सब इंजीनियर भर्ती में बढ़ेंगे पद, संविदाकर्मियों को 50 प्रश आरक्षण

मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल ने दोबारा आवेदन की तारीख घोषित की, 13 अक्टूबर से शुरू होगी प्रक्रिया

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः प्रदेश में सब इंजीनियर, ड्राफ्ट्समैन, लैब टेक्नीशियन सहित अन्य समकक्ष पदों पर भर्ती के लिए अभ्यर्थियों को दोबारा आवेदन का मौका मिलेगा। हाईकोर्ट में दायर याचिका के बाद जल संसाधन और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने पात्र संविदाकर्मियों के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया है।

इसके अलावा विभिन्न विभागों से अतिरिक्त पदों के मांगपत्र भी प्राप्त हुए हैं। बदलाव के बाद मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल ने समूह-3 संयुक्त भर्ती परीक्षा-2026 के आवेदन फिर से शुरू करने का निर्णय लिया है।

अभ्यर्थी 13 से 27 अक्टूबर 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे, जबकि आवेदन में संशोधन की सुविधा 13 से 28 अक्टूबर तक उपलब्ध रहेगी। परीक्षा दिसंबर 2026 से जनवरी 2027 के बीच प्रस्तावित है। संशोधित नियम पुस्तिका जल्द जारी की जाएगी। जल संसाधन और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने 29 अगस्त 2026 को उपयंत्री पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी किया था। इसमें पात्र संविदाकर्मियों के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान नहीं था। इसके बाद जबलपुर के आधारताल निवासी राजू यादव सहित 24 संविदाकर्मियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर भर्ती प्रक्रिया को चुनौती दी थी। याचिकाकर्ताओं ने 2023 की संशोधित नीति का हवाला देते हुए पात्र संविदाकर्मियों को सीधी भर्ती में 50 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग की थी। मामले की सुनवाई बुधवार को जस्टिस विवेक कुमार सिंह की अदालत में होनी थी। इससे पहले विभाग ने संशोधन आदेश जारी कर उपयंत्री भर्ती में पात्र संविदाकर्मियों के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान कर दिया। इससे पहले समूह-3 भर्ती में 1040 पदों के लिए 29 अगस्त से 12 सितंबर तक आवेदन लिए गए थे।

रिकर्व टीम इवेंट में स्वर्ण पदक जीतने पर बेटियों को दी बधाई

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एशियन गेम्स-2026 में महिला रिकर्व तीरंदाजी टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने पर तीरंदाज सुश्री अंकिता भकत, सुश्री कीर्ति शर्मा और सुश्री कुमकुम मोहोद को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि हमारी प्रतिभाशाली बेटियों की धमाकेदार जीत का जश्न देशभर में मनाया जा रहा है। भारत को एशियाई खेलों में पहली बार महिला रिकर्व टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक मिला है। यह भारतीय तीरंदाज़ी के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य के लिए मंगलकामना की है।

आयकर अधिकारियों ने की 'एक दिन-एक घंटा-एक साथ' थीम पर सफाई

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के आयकर विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' की थीम पर सफाई अभियान चलाया। डीजी इन्वेस्टिगेशन बिजॉय कुमार पांडा की मौजूदगी मेंपुराने आयकर भवन और आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विभाग की विभिन्न शाखाओं के अधिकारी-कर्मचारियों ने इसमें भाग लेकर कार्यालय परिसर की सफाई की।

स्वच्छता अभियान से पहले राष्ट्रीय प्रत्यक्ष कर अकादमी के क्षेत्रीय परिसर भोपाल में 'कौन बनेगा करपति' सीजन-2 का ग्रैंड फिनाले आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और नागपुर क्षेत्र के 550 अधिकारियों-कर्मचारियों ने आवेदन किया था। प्रतियोगिता दो श्रेणियों में आयोजित हुई। टियर-1 के बाद दोनों श्रेणियों से 30-30 प्रतिभागियों का चयन टियर-2 के लिए हुआ। इसके बाद प्रत्येक श्रेणी से पांच-पांच प्रतिभागी फिनाले में पहुंचे।

टियर-2 और फिनाले में नवीन आयकर अधिनियम 2025 सहित विभिन्न कर विषयों पर सवाल पूछे गए। इंस्पेक्टर स्तर तक की श्रेणी में दुष्यंत कुमार गुप्ता विजेता रहे, जबकि आईटीओ एवं उससे ऊपर की श्रेणी में कृष्ण कुमार चौधरी विजेता बने। कार्यक्रम के दौरान आयकर अधिकारी संतोष कुमार निगम द्वारा लिखित 'टैक्सेशन जर्नी थ्रू वैदिक पीरियड टू मॉडर्न एरा' पुस्तक का विमोचन भी किया गया।

सबनानी ने चलाया स्वच्छता अभियान

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः गांधी जयंती के अवसर पर 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक भगवानदास सबनानी ने विभिन्न स्वच्छता और पर्यावरण कार्यक्रमों में सहभागिता की। अभियान की शुरुआत तुलसी नगर स्थित शासकीय नवीन कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से हुई। यहां विधायक सबनानी ने परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया और 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया।

इसके बाद विधायक ने न्यू मार्केट पहुंचकर स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया। उन्होंने बाजार परिसर के साथ न्यू मार्केट स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण की भी सफाई की। इस दौरान उन्होंने स्थानीय व्यापारियों से बाजार को नियमित रूप से स्वच्छ रखने और इसे एकल उपयोग प्लास्टिक से मुक्त बनाने की अपील की। अभियान में विधानसभा प्रभारी राजू अनेजा, महापौर परिषद सदस्य आर.के. सिंह बघेल, जोन अध्यक्ष व पार्षद आरती राजू अनेजा, जोन अध्यक्ष व पार्षद बृजुला सचान, एल्डरमैन प्रमोद पोलघंटलवाल, अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष दिनेश भारती, जिला सह-कोषाध्यक्ष आशा पारोचे, मंडल अध्यक्ष सोनू पालीवाल मौजूद रहे।



अवलोकन *वन विहार में वन्यजीव सप्ताह के तहत पक्षी अवलोकन...*

109 प्रतिभागियों ने 54 पक्षी प्रजातियां देखीं

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः 'जुड़े आवास, वन्यजीवन का विकास' थीम पर आयोजित राज्य स्तरीय वन्यजीव सप्ताह 2026 के तहत शुक्रवार को वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

पक्षी अवलोकन कार्यक्रम में यूथ हॉस्टल, शासकीय नूतन सहित अन्य शैक्षणिक संस्थानों के 109 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने करीब 54 पक्षी प्रजातियों का अवलोकन किया। उन्हें पक्षियों की पहचान, व्यवहार, आवास और पारिस्थितिकी तंत्र में उनकी भूमिका की जानकारी दी गई। प्रमुख रूप से लिटिल कॉर्मोरेंट, इंडियन पैराडाइज फ्लाईकैचर, इंडियन रॉबिन, प्लम हेडेड पैराकीट, स्पॉटेड डव और ब्लैक ड्रोंगो सहित अन्य पक्षी देखे गए। डॉ. संगीता राजगीर, मोहम्मद खलीक, गौरा जोशी और संकल्प किशनानी ने पक्षी अवलोकन की बारीकियों और संरक्षण के महत्व की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन सहायक संचालक वन विहार डॉ. रूही हक ने किया।



वन्यजीव सप्ताह के तहत 'मध्य प्रदेश के वन्यजीव' विषय पर स्टोन पेंटिंग और वुडन टाइल पेंटिंग प्रतियोगिताएं भी हुईं। इनमें क्रमशः 65 और 116 प्रतिभागियों ने भाग लिया। 'खजाने की खोज' प्रतियोगिता में 15 दलों के 121 प्रतिभागी शामिल हुए।

विद्यालयीन विद्यार्थियों के लिए सृजनात्मक कार्यशाला आयोजित की गई। क्ले मॉडलिंग में 48, स्टोन पेंटिंग में 27 और पेपर क्राफ्ट में 15 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कहानी प्रतियोगिता में 17 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

3 अक्टूबर को दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए 'वन विहार की आवाजें' कार्यक्रम होगा। विद्यालयीन और महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के लिए 'जुड़े आवास, वन्यजीवन का विकास' विषय पर युवा संसद आयोजित की जाएगी। 'स्टैंड फॉर वाइल्ड लाइफ' कार्यक्रम भी होगा।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. संधारण संभाग क्रमांक 2, भोपाल

निविदा सूचना 15 वर्ष 2025-26 — **भोपाल, दिनांक. 30/09/2026**

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	ठेके की अनु राशि (रू. लाख में
1	2	3	4	5
1	2026_PWDRB_539842_1	होलीक्रॉस स्कूल (कोलार रोड) से गौरव नगर हाउसिंग सोसायटी लंबाई-0.70 कि.मी. का चौड़ीकरण एवं उन्नयन कार्य, सतगढ़ी औद्योगिक क्षेत्र में 4 नग हेलीपेड का निर्माण पहुंच मार्ग सहित जी. आई. एस. 2026 हेतु एवं होलीक्रॉस स्कूल कोलार रोड सिक्स लेन से गौरव नगर तिराहा लंबाई-0.70 कि.मी पर 33/11/एल.टी. लाईन पोल शिफ्ट करने का कार्य।	प्रथम	348.44
2	2026_PWDRB_539844_1	कैरवा डेम पहुंच मार्ग (गौरव नगर हाउसिंग सोसायटी से डी. मार्ट फोर लेन मार्ग चौराहा) लंबाई-2.00 कि.मी. का चौड़ीकरण एवं उन्नयन कार्य, एवं गौरव नगर तिराहा से डी. मार्ट मार्ग तिराहा चीचली लंबाई-2.00 कि. मी पर 11/एल.टी. लाईन पोल शिफ्ट करने का कार्य।	प्रथम	483.90

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय एवं जमा करने की अंतिम तिथि 14/10/2026 जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. संधारण संभाग क्रमांक 2 भोपाल

जी-19332/26

भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस)

अंतरिक्ष विभाग, भारत सरकार

संविदा आधार पर परामर्शकों की नियुक्ति

(विज्ञापन सं. इन-स्पेस: 03:2026 दिनांक 03/10/2026)

इन-स्पेस अंतरिक्ष गतिविधियों के संवर्धन एवं प्राधिकरण तथा गैर-सरकारी प्रतिष्ठानों (एनजीई) द्वारा अंतरिक्ष विभाग की स्वामित्व वाली सुविधाओं के उपयोग हेतु अंतरिक्ष विभाग (अं.वि.) के अधीन एक स्वतंत्र नोडल एजेंसी है।

निम्नलिखित पदों के लिए पात्र अभ्यर्थियों से अधिकतम दो (2) वर्ष की अवधि हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। संतोषजनक कार्य-निष्पादन, कार्यात्मक आवश्यकता तथा समय-समय पर संशोधित 'इन-स्पेस में परामर्शकों की नियुक्ति संबंधी प्रक्रिया एवं दिशानिर्देश' के मानक निबंधनों एवं शर्तों के अधीन, इस अवधि को एक बार में एक वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है, किंतु कुल कार्यकाल अधिकतम पांच वर्ष ही होगा।

1.	प्रधान परामर्शक - दशकीय दृष्टिकोण एवं रणनीति	01
2.	वरिष्ठ परामर्शक- अध्यक्ष कार्यालय, इन-स्पेस	01
3.	वरिष्ठ परामर्शक - जनसंपर्क एवं मीडिया	01
4.	वरिष्ठ परामर्शक - विधि निदेशालय, इन-स्पेस	01
5.	तकनीकी सहायक - तकनीकी निदेशालय	02
6.	कनिष्ठ परामर्शक - तकनीकी निदेशालय	01

विस्तृत विज्ञापन वेबसाइट www.inspace.gov.in के 'घोषणाएं' अनुभाग में उपलब्ध है। आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 02/11/2026 है। सभी आवेदक अपने आवेदन सीधे इन-स्पेस डिजिटल प्लेटफॉर्म (आईडीपी) पर https://www.inspace.gov.in के माध्यम से प्रस्तुत करें।

cbc9121/11/0003/2627

इन-स्पेस द्वारा जारी